# Logical Reasoning

PART→3

(1). कथन: आइए, 2 अक्टूबर को हम देश को एकल-उपयोग प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लें।" भारत के प्रधानमंत्री

निष्कर्ष: (I) सभी भारतीयों को एकल उपयोग प्लास्टिक, जैसे कि बोतल बंद पीने का पानी का प्रयोग कम और फिर पूरी तरह से समाप्त कर देना चाहिए
(II) भारत 2 अक्टूबर को पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त होने जा रहा है।

→ केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

(2). कथन: किसी व्यक्ति का महत्व केवल उसकी प्रतिष्ठा और धन पर निर्भर नहीं होता है।

निष्कर्ष: (I) अधिकांश लोगों का लक्ष्य सिर्फ अधिक धन प्राप्त करना होता है।
(II) प्रतिष्ठा और धन के अलावा कुछ और भी कारक होते हैं, जो किसी व्यक्ति के महत्व में योगदान करते हैं।

→ केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

(3). कथन: एक पुलिस अधिकारी को शिकायत मिलती है कि उसके जिले का एक सांसद कुछ काम करवाने के लिए रिश्वत ले रहा है।

निष्कर्ष: (I) पुलिस अधिकारी को मामले की जाँच करने और सांसद को रंगे हाथो पकड़ने की कोशिश करनी चाहिए।
(II) पुलिस अधिकारी को कुछ और शिकायतों का इंतजार करना चाहिए और फिर सांसद को रंगे हाथो पकड़ना चाहिए।

→ केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

(4). कथन: राष्ट्रीय कौशल विकास समिति ने अपने प्रशिक्षकों के बीच एक आकलन का आयोजन किया और उनके प्रदर्शन को अनिवार्य स्तर से नीचे पाया।

निष्कर्ष: (I) समिति को मानकों में संशोधन के लिए शीघ्र सुधारात्मक पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण का आयोजन करना चाहिए।
(II) समिति को खराब प्रदर्शन करने वालों को हटा देना चाहिए और नए प्रशिक्षकों को रख लेना चाहिए—

→ केवल निष्कर्ष (I) मेल खाता है।

(5). कथन : एक पुस्तकालय पाठकों द्वारा विलंब से पुस्तके वापस करने पर वापसी की निर्धारित तिथि के बाद विलंबित दिनों के लिए प्रति दिन रु.10 का अर्थदण्ड लेता है।

निष्कर्ष : (I) महँगी पुस्तकों के लिए अर्थदण्ड अधिक होगा।

(II) सस्ती पुस्तकों के लिए अर्थदण्ड कम होगा।

→ न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

(6). कथन : चुनाव के दौरान, राजनीतिज्ञ अन्य दलों के प्रत्याशियों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं और कुछ तो अशिष्ट संकेत भी करते हैं।

निष्कर्ष : (I) महिलाओं व बच्चों को चुनावी सभाओं में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए–

(II) चुनाव आयोग को सभी राजनीतिज्ञों के लिए कठोर आचार संहिता लागू करनी चाहिए–

→ केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

(7). कथन : सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की गुणवत्ता खराब हो गई है और अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाना पसंद करते हैं।

निष्कर्ष : (I) प्राधिकारियों को स्कूलों में शिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार के लिए तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए।

(II) सभी सरकारी स्कूलों का या तो निजीकरण कर दिया जाना चाहिए या पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाना चाहिए।

→ केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

(8) कथन : कोई भी देश इन दिनों पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं है।

निष्कर्ष : (I) सामान्य रूप में देशवासी आलसी हो गये हैं।

(II) वह सब कुछ पैदा और उत्पादित करना असंभव है, जिसकी एक देश को जरूरत होती है।

→ केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

(9). कथन: घाटे में चल रही एक कंपनी ने कम कीमत की बोली प्रणाली में रु 5 करोड़ का अनुबंध जीता है।

निष्कर्ष: (I) कंपनी इस वर्ष लाभ कमाएगी क्योंकि इसने एक बड़ा अनुबंध जीता है।

(II) कम कीमत की बोली प्रणाली उच्च लाभ मार्जिन की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ती।

→ न तो I न ही II अनुसरण करता है।

(10). कथन: (1) सभी युवा वैज्ञानिक खुले विचारों के हैं।

(2) खुले- विचारों वालों में से कोई भी अंधविश्वासी नहीं है।

निष्कर्ष: (I) कोई भी वैज्ञानिक अंधविश्वासी नहीं है।

(II) कोई भी युवा अंधविश्वासी नहीं है।

→ न तो I और न ही II सहमत है।

(11) कथन: सिविक निकाय ने शहर के एक अलग-2 हिस्से पर स्थित तट पर एक बड़ा नोटिस बोर्ड लगाया, "पिछले कुछ महीनों के दौरान समुद्र में तैरते समय कई पिकनिक मनाने वाले डूब गए।"

पूर्वधारणाएँ: (I) हो सकता है कि पिकनिक मनाने वाले नोटिस को नजरअंदाज करें और समुद्र में जाने को जोखिम लेते रहें।

(II) हो सकता है पिकनिक मनाने वाले इसे पढ़ लें और समुद्र में जाते समय सावधान रहें।

→ अगर केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

(12) कथन: एक विज्ञापन में कहा गया है, यदि आप सिविल सेवाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण चाहते हैं। तो हमारी कक्षा Z से जुड़ें

धारणा: (I) लोग सिविल सेवाओं के लिए प्रशिक्षण चाहते हैं।

(II) लोग गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण चाहते हैं।

→ सभी निहित है।

(13). कथन : बेहतर पिक्चर क्वालिटी के लिए X टीवी खरीदें.. एक विज्ञापन।

धारणा : (I) X टीवी बाजार में एकमात्र टीवी है।
(II) X टीवी सबसे महंगा है।
(III) लोग आमतौर पर ऐसे विज्ञापनों को नजरअंदाज कर देते हैं।
→ कोई भी निहित नहीं है।

(14). कथन : पुरानी यादों को ताजा करने के लिए फोटो एक अच्छी सहायता होती है।

पूर्वानुमान : (I) आधुनिक पीढ़ी की अपने अतीत की यादों तक अधिक पहुंच होती है।
(II) अतीत की याद याद करते हुए हर कोई खुश महसूस करता है।
→ केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है।

(15). कथन : प्रचार वाक्य : तेज गति रोमांच प्रदान करती है, लेकिन प्राण ले लेती है।

पूर्वानुमान : (I) धीमी ड्राइविंग मौत से बचाती है।
(II) कई ड्राइवर अनपढ़ है।
→ केवल पूर्वानुमान I निहित है।

(16). कथन : यदि आप टंकण में निपुण हैं, तो हम आपको लिपिकीय श्रेणी में भर्ती कर लेंगे एक कंपनी का विज्ञापन।

पूर्वानुमान : (I) लिपिक हेतु एक रिक्त पद है।
(II) कंपनी केवल टंकण जानने वालों को ही भर्ती करेगी।
→ केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है।

(17). कथन : हमारी कंपनी में, कर्मचारियों की संख्या अधिक है। इसीलिए मैं हर एक के लिए जीवन बीमा पॉलिसी का प्रस्ताव रखना चाहता हूं- कंपनी के प्रबंध निदेशक-

पूर्वानुमान : (I) सभी कंपनियों के लिए अपने कर्मचारियों को जीवन बीमा पॉलिसी प्रदान करना अनिवार्य है।
(II) बीमा पॉलिसी कर्मचारियों और उनके परिवार के लिए बहुत उपयोगी है-
→ केवल पूर्वानुमान II निहित है।

(18). कथन : एक अच्छा उपन्यास यदि महंगा हो तब भी खरीदा जाता है।

पूर्वानुमान : (I) कुछ उपन्यास औरों से बेहतर होते हैं।
(II) ज्यादातर किताबें महंगी होती हैं।
→ केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित है।

(19). कथन : अच्छे शिक्षक अच्छे छात्र का विकास करते हैं।

पूर्वानुमान : (I) सख्त शिक्षक उत्कृष्ट शिक्षा देते हैं।
(II) छात्र जानकार शिक्षकों को चाहते हैं।
→ न तो I और न II पूर्वानुमान अंतर्निहित है।

(20). एक व्यक्ति को अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद और नौकरी में सेट होने के बाद 25 वर्ष की उम्र में शादी करना चाहिए। इस कथन से नि.लि. में से कौन-सा पूर्वानुमान निहित है?
→ 25 वर्ष की उम्र में एक व्यक्ति परिपक्व और वित्तीय रूप से स्थिर भी होता है।

(21). कथन : एक रिपोर्ट कहती है, भारत सांस्कृतिक विरासत के मामले में सबसे अच्छे देशों में से एक है।

पूर्वानुमान : (I) भारत के लोग अगली पीढ़ी तक सांस्कृतिक प्रथाओं के अच्छे वाहक थे।
(II) सांस्कृतिक विरासत के मामले में भारत किसी भी अन्य देश की तुलना में बेहतर है।
→ केवल पूर्वानुमान I निहित है।

(22). कथन : क्या भारतीय नौकरशाह दुनिया में सबसे कम कुशल हैं?

पूर्वानुमान : (I) नौकरशाहों की कार्यक्षमता में पिछले कुछ वर्षों में कमी आई है।
(II) भारतीय लोक कर्मचारियों को सबसे अच्छा तालमेल करने वाला माना जाता है।
→ न I और न ही II निहित है।

(२३) <u>कथन</u> : हाल ही में एक महिला को दहेज के लिए पीटकर मार दिया गया था।

<u>पूर्वानुमान</u> : (I) दहेज की माँग करना समाज की एक बुरी प्रथा है।

(II) हमारे देश में महिलाओं की वर्तमान स्थिति अभी भी दयनीय है।

→ दोनों पूर्वानुमान निहित हैं।